आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.04.2025 समय : 0705

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होंगी।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनो के लिये नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।
- भारत ने दीर्घावधि वीजा, राजनयिक और अधिकारिक वीजा को छोडकर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वीजा रद्द कर दिए हैं।
- हैदराबाद के तेलंगाना में चलने वाली छब्बीसवीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप–2025 के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल वैटिकन सिटी में सेंट पीटर बेसिलिका में पुष्पांजलि अर्पित कर पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दी। वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति इटली की राजधानी रोम पहुंचीं। वे वैटिकन सिटी की दो दिन की यात्रा पर हैं। उनके साथ संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू, अल्पसंख्यक मामले राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु आज पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होंगी, जिसमें दुनिया भर के गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। पोप फ्रांसिस का इक्कीस अप्रैल को निधन हो गया था।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनो के लिये नवनियुक्त इक्यावन हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। श्री मोदी इस अवसर पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप पन्द्रहवां रोजगार मेला देश के सैंतालिस स्थानों पर आयोजित हो रहा है। इससे युवाओं को सशक्तिकरण और राष्ट्र के विकास में प्रभावी योगदान का सार्थक अवसर मिलेगा। नवनियुक्त युवा केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में काम करेंगे।

<><><><><><><>

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि क्वांटम कंप्यूटिंग, नवाचार को परिभाषित करने, वैज्ञानिक खोज को गति देने और मानव समस्याओं के समाधान खोजने की दिशा में बहुत बड़ी उपलब्धि है। कल नई दिल्ली में तीसरे अंतर्राष्ट्रीय क्वांटम संचार सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि तीसरा संस्करण राष्ट्रीय क्वांटम मिशन को नई प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि क्वांटम प्रौद्योगिकी अब कंप्यूटिंग, संचार और राष्ट्रीय सुरक्षा को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। श्री सिंधिया ने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमारी वर्तमान सुरक्षा प्रणालियां आर एस ए आधारित हैं और बड़ी अभाज्य संख्याओं पर निर्भर करती हैं, लेकिन क्वांटम कंप्यूटर कुछ ही सेकंड में संख्याओं को हल कर सकते हैं।

<><><><><><><>

गृह मंत्री ने कल सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से उनके राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने को कहा है। श्री अमित शाह ने उन्हें पाकिस्तानी नागरिकों की शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को भी कहा। भारत ने दीर्घावधि वीजा, राजनयिक और अधिकारिक वीजा को छोडकर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वीजा रद्द कर दिए हैं। यह फैसला रविवार से लागू होगा। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी चिकित्सा वीजा केवल उनतीस अप्रैल तक वैध रहेंगे और रद्द श्रेणियों में कोई नया वीजा जारी नही किया जाएगा।।

<><><><><><><>

कार्बाइंस–कोव के गुडविल एस्टेट स्थित विज्ञान केंद्र में हॉलिडे कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर दो से तीस मई, तक कक्षा छठी से आठवीं में पढ़ने वाले छात्रों के लिए आयोजित होगा। इसमें विभिन्न विषयों और ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्रों का पंजीकरण शुरू हो गया है, जो कल सुबह साढ़े दस बजे से शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। इस अवसर पर विज्ञान केन्द्र के शिक्षा अधिकारी देबाशीष पॉल ने कहा –

इसके लिए प्रतिभागियों को प्रति ट्रेड पांच रुपये का पंजीकरण शुल्क और आधार कार्ड की एक फोटोकॉपी देनी होगी। इसके अलावा शिविर के दौरान छात्रों को छोड़ने के लिए, विज्ञान केंद्र दो बस सेवाएँ प्रदान करेगा, जिसके लिए प्रति सप्ताह प्रति ट्रेड दो सौ पचास रुपये का भुगतान करना होगा।

<><><><><><><>

गैर सरकारी संगठन सेवा भारती राष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से दक्षिण अंडमान के ग्यारह स्थानों पर चिकित्सा शिविर का आयोजन करने जा रहा है। यह शिविर आज और कल आयोजित किया जाएगा। सेवा भारती के सचिव गौतम ने शिविर के बारे में बताया।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में दिसंबर, दो हजार चौबीस और जनवरी–फरवरी, दो हजार पच्चीस में आयोजित पांडिचेरी विश्वविद्यालय सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है। पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने वाले इच्छुक छात्रों को उनतीस अप्रैल तक कॉलेज के परीक्षा अनुभाग से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

हैदराबाद के तेलंगाना में कल से चलने वाली छब्बीसवीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप–2025 के लिए अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन की ओर से रोइंग टीम के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। चयन ट्रायल दो मई को सुबह छह बजे से सिप्पीघाट स्थित साई जलक्रीड़ा परिसर में लिया जाएगा।

इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम एक मई शाम पांच बजे तक रामा राव, के पास फोन पर पंजीकृत करा सकते है।

<><><><><><><>

आज विश्व पशु चिकित्सा दिवस है। इस वर्ष का विषय, "पशु स्वास्थ्य के लिए एक टीम की आवश्यकता," एक शक्तिशाली अनुस्मारक है कि, पशु स्वास्थ्य सेवा और कल्याण प्राप्त करना एक सहयोगी प्रयास है। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने अपने संदेश में कहा है कि पशु चिकित्सा पेशेवरों के महत्वपूर्ण योगदान के वैश्विक उत्सव के अनुरूप है। यह दिन पशु स्वास्थ्य, पशु कल्याण और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा में उनके अटूट प्रयासों के लिए एक श्रद्धांजलि है। यह पशु चिकित्सकों, शोधकर्ताओं और संबद्ध पेशेवरों की संयुक्त विशेषज्ञता की मांग करता है– सभी पशु चिकित्सा देखभाल के उच्चतम मानक प्रदान करने के लिए एक साथ काम करते हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रभावी टीमवर्क एक सहायक और

गतिशील वातावरण को बढ़ावा देता है। पशु स्वास्थ्य एक बहुआयामी अनुशासन है। उन्होंने इस अवसर पर सभी पशु चिकित्सकों और संबद्ध पेशेवरों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

**<><><><><><><>**

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

द्वीप समाचार ने उत्तरी व मध्य अण्डमान में भूमि म्यूटेशन सेवाओं को ऑनलाइन मोड में स्थानांतरित करने के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में प्रकाशित किया है। द डेली टेलीग्राम्स ने अभिलेखागार में शोधार्थियों के लिए संदर्भ कक्ष का उद्घाटन करने के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। खेल निदेशक ने साई प्रशिक्षण केन्द्र का दौरा करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने भीतर के पन्ने में जगह दी है। इंफो इंडिया ने ग्राम पंचायतों में जी एस टी फाइलिंग पर कार्यशाला आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने के उपरी भाग में जगह दी है। द अंडमान एक्सप्रेस–अंग्रेजी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाया है।

**<><><><><><><>**